<u>अबेकस प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रगति आख्या</u>

प्रारम्भिक कक्षाओं के बच्चों की गणितीय जोड़–घटाव की संक्रियाओं को त्वरित गति से हल करने के लिए अबेकस एक महत्वपूर्ण उपकरण है। प्रारम्भिक स्तर पर 2018–19 से एस०सी०ई०आर०टी० द्वारा अबेकस प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संसथानो में संचालित किया जा रहा है। राज्य के राजकीय प्राथमिक विद्यालयो के 245 शिक्षक–शिक्षिकाओं का वर्ष 2023–24 तक अबेकस प्रशिक्षण सम्पादित किया गया है।

- जनपद टिहरी में एस०सी०ई०आर०टी० द्वारा संचालित अबेकस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत इस वर्ष 2023–24 में चयनित 90 विद्यालयो में से 71 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के एक–एक अध्यापक को लेवल–1 तथा लेवल–2 का 05 दिससीय अबेकस प्रशिक्षण दो चरणों में 4 से 8 दिसम्बर 2023 तथा 11 से 15 दिसम्बर 2023 में करवाया गया।

- चयनित 71 विद्यालयों के छात्रों को 1477 स्टूडेन्ट अबेकस, एक–एक मास्टर अबेकस (50 मास्टर अबेकस) तथा लेवल–1 व 2 की 284 पुस्तके वितरित किये गये।

- गत वर्षों में अबेकस प्रशिक्षाण हेतु चयनित 174 विद्यालयो के कक्षा 3 से 5 के बच्चों की विकासखण्ड स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता 9 विकासखण्डों में सम्पादित की गयी। विकासखण्डो में चयनित बच्चों की जनपद स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता 22 दिसम्बर 2023 को डायट टिहरी के सभागार में सम्पन्न हुयी। जनपद स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता में 9 विकासखण्डों से चयनित 2 छात्र प्रति विकासखण्ड के कुल 18 छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 2 छात्रों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।